भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
05.12.2013 को राज्य सभा में
पूछा जाने वाला अतारांकित प्रश्न संख्या 90.

हजीरा में भारी जल संबंधी परियोजना की स्थापना किया जाना

90. श्री मनसुख एल. मांडविया :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात राज्य के हजीरा क्षेत्र में भारी जल के उत्पादन हेतु एक और एकक स्थापित किए जाने हेतु दिए गए अभ्यावेदन के संबंध में परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा आज की तिथि तक की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है;

(ख) हजीरा में स्थापित किए जाने हेतु प्रस्तावित भारी जल उत्पादन संबंधी इस एकक द्वारा कितनी मात्रा में रोजगार का सृजन होगा;

(ग) क्या विभाग ने इस संबंध में गुजरात राज्य सरकार से सम्पर्क किया है; और

(घ) क्या विभाग हजीरा स्थित इस एकक को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सी.आई.एस.एफ.) मुहैया कराने जा रहा है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय
(श्री वी. नारायणसामी)

(क) भारी पानी बोर्ड के अधीन मौजूदा संयंत्रों के अतिरिक्त एक और एकक स्थापित करने के लिए तकनीकी-वाणिज्यिक मूल्यांकन सहित संभाव्यता अध्ययन चालू किए गए हैं। अतिरिक्त सुविधा की अवस्थिति, संभाव्यता अध्ययनों के परिणाम पर आधारित होगी।

(ख) ब्यौरेवार परियोजना रिपोर्ट को अंतिम रूप दिए जाने पर, परियोजना में रोजगार के सृजन की संभाव्यता का पता लग पाएगा।

(ग) जी, नहीं।

(घ) जी, हाँ। भारी पानी संयंत्र, हज़ीरा में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल तैनात किए जाने के लिए 'सिद्धांत रुप में' अनुमोदन दे दिया गया है।

* * * * * * *